कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 610 /12-1, कोटबंगला दिनांक 20/08/2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी।

विषय :- जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़–जोगथ मोटर मार्ग से पुजारगांव भडेश्वर मंदिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.4385 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (Online Proposal No. FP/UK/ROAD/40975/2019)

सन्दर्भ :- वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड मुनिकीरेती का कार्यालय पत्रांक– 2633/12–1, दिनांक– 26.06.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण में भारत सरकार द्वारा दिनांक– 13.07.2023 से इंगित कमियों की निराकरण आख्या आपके द्वारा अपने कार्यालय पत्र– 2098/03.L.A ,दिनांक– 27.09.2023 से इस कार्यालय को प्रेषित की गई थी, जो इस कार्यालय के पत्र संख्या– 1522/12–1, दिनांक– 20.10.2023 द्वारा वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड मुनिकीरेती को उपलब्ध कराई गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से अवगत कराया गया है कि इस कार्यालय के पत्र दिनांक– 20.10.2023 द्वारा प्रेषित निराकरण आख्या का अवलोकन करने के पश्चात प्रस्ताव में निम्नलिखित कमियां परिलक्षित हो रही है–

1. बिन्दु संख्या–01 के अनुपालन में आपके द्वारा प्रस्तावित ग्राम पुजारगांव की निकटस्थ मोटर मार्ग से दूरी 1.20 किमी0 दर्शायी गयी है। कृपया उक्त से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध करायें।
2. बिन्दु संख्या–02 के अनुपालन में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि Existing Road network को बैंगनी रंग से KML File में दर्शाया गया है, जबकि परिवेश पोर्टल के भाग–01 में मोटर मार्ग की KML File में प्रस्तावित मोटर मार्ग के इतर कोई भी सूचना नहीं दर्शायी गयी है। कृपया संशोधित KML File अपलोड करें।
3. बिन्दु संख्या– 03 के अनुपालन में प्रस्तावित वैकल्पिक संरेखण के सर्वोत्तम वैकल्पिक संरेखण होने के सम्बन्ध में औचित्य/विशिष्ट टिप्पणी उपलब्ध करायी जाने की अपेक्षा की गई है, जो उपलब्ध नहीं कराई गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कमियों का निराकरण कर सूचना परिवेश पोर्टल में यथास्थान अपलोड करते हुए हार्ड प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

CamScanner